*प्रेस नोट*

*यूपी-112, जनपद भदोही*

*दिनांक: 05.09.2026*

*यूपी-112 पीआरवी बनी जीवनरक्षक, आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को सुरक्षित बचाकर बचाई जान*

*श्री अभिनव त्यागी*, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में तथा *श्री शुभम अग्रवाल* अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में यूपी-112 द्वारा जनपदवासियों को त्वरित, प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिस सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 04.09.2026 को समय 22:42 बजे यूपी-112 को इवेंट के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत रेलवे फाटक सराय जगदीश के पास रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही है। सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी-6746 बिना विलंब किए घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर उपस्थित कॉलर ने बताया कि एक महिला रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही है। पीआरवी कर्मियों ने तत्परता, सूझबूझ एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उक्त महिला निवासिनी पन्नुपुर थाना गोपीगंज उम्र करीब 35 वर्ष को समझा-बुझाकर सुरक्षित रेलवे ट्रैक से हटाया गया तथा आत्महत्या का प्रयास विफल कर उसकी जान बचाई। यूपी-112 की इस त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही से एक अनमोल जीवन सुरक्षित बचाया जा सका। स्थानीय लोगों ने पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली एवं तत्परता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए यूपी-112 की कार्यप्रणाली की सराहना की।

*पीआरवी टीम*:

1.कमांडर: उ0नि0 संतोष कुमार पांडेय

2.पायलट: मुख्य आरक्षी (चालक) आनंद यादव

3.उपकमांडर: कां0 राहुल कुमार मिश्रा

*किसी भी आपात स्थिति में तत्काल यूपी-112 पर कॉल करें। आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए भदोही पुलिस सदैव तत्पर है।*